# ओडिशा समाचार

कलिंग समाचार

राउरकेला, रविवार 31 अगस्त 2025




## बीजेडी नेताओं की बैठक ने बढ़ाई सियासी सरगर्मी, नया मोर्चा बनाने की संभावना



भुवनेश्वर ३०/०८ (संवाददाता) ओडिशा की सियासत में एक बार फिर नई हलचल शुरू हो गई है। बीजेडी के दिग्गज नेताओं का जाजपुर जिले के ओलासुनी गुफा में हुआ गुप्त जमावड़ा अब नए राजनीतिक समीकरण की आहट दे रहा है। माना जा रहा है कि यह मुलाकात बीजेडी और बीजेपी के वर्चस्व को चुनौती देने वाले नए मोर्चे की तैयारी का हिस्सा हो सकती है। वरिष्ठ नेता प्रभात त्रिपाठी की मेजबानी में आयोजित इस बैठक में अमर सतपथी, सौ य रंजन पटनायक, प्रसन्न पाटसानी, रबी पाणी और रामचंद्र हांसदा जैसे बड़े नाम शामिल रहे। इसके साथ ही युवा चेहरों में भद्रक से असीत पटनायक और केंद्रापड़ा से रबी सामल भी मौजूद थे। ओलासुनी गुफा, जिसे कभी बीजेडी का मजबूत गढ़ माना जाता था, अब सियासी चर्चाओं का नया केंद्र बन गया है। यह बैठक ऐसे वक्त में हुई है जब बीजेडी के भीतर असंतोष की आवाजें तेज हो रही हैं। सूत्रों का कहना है कि पार्टी पर वी.के. पंडियन की मजबूत पकड़ और वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा असंतोष की बड़ी वजह है।इधर, पार्टी सुप्रीमो नवीन पटनायक की सेहत को लेकर लगातार उठ रहे सवाल और अंदरूनी खींचतान ने इन अटकलों को और हवा दी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि असंतुष्ट नेताओं का यह जमावड़ा एक वैकल्पिक राजनीतिक मंच की नींव हो सकता है, जिसकी कमान प्रभात त्रिपाठी और अमर सतपथी जैसे नेताओं के हाथ में हो सकती है। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि राज्य की कुछ प्रभावशाली हस्तियां पर्दे के पीछे से इस संभावित मोर्चे को समर्थन दे रही हैं।हालांकि, अब तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, मगर इस मुलाकात को ओडिशा की राजनीति में बड़ा संकेत माना जा रहा है।पूर्व विधायक ने कहा कि अगर कोई क्षेत्रीय दल अपनी भूमिका ठीक से नहीं निभा रहा है, तो लोग विकल्प तलाशेंगे ही। जब जो दल खुद को क्षेत्रीय कहते हैं, वे ओडिशा के हित में आवाज तक नहीं उठा रहे और सत्ता पक्ष का विरोध करने से भी बच रहे हैं, तो फिर लोग और किस ओर देखेंगे?

## आरएसपी द्वारा आयोजित संयंत्र स्तरीय क्वालिटी सर्किल (पीएलक्यूसी) प्रतियोगिता में अब तक की सर्वाधिक भागीदारी




राउरकेला ३०/०८ (संवाददाता): राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) द्वारा आयोजित संयंत्र स्तरीय क्वालिटी सर्किल (पीएलक्यूसी) प्रतियोगिता–2025 में इस वर्ष सर्वाधिक भागीदारी देखी गई। 29 अगस्त, 2025 को सीपीटीआई में आयोजित इस प्रतियोगिता में संयंत्र के विभिन्न विभागों की 39 टीमों ने भाग लिया, जो संयंत्र में नवाचार और निरंतर सुधार की बढ़ती संस्कृति को दर्शाता है। 34 टीमों ने स्वर्ण पुरस्कार जीता द्व प्रतियोगिता का अगला चरण चैप्टर कन्वेंशन ऑफ क्वालिटी सर्किल (सीसीक्यूसी-2025) प्रतियोगिता है, जो 20 और 21 सितंबर को आयोजित होगी।

कार्यक्रम के बाद गोपबंधु सभागार में आयोजित पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता आरएसपी के कार्यपलक निदेशक (संकार्य), श्री बिस्वरंजन पलाई ने की। मु य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएँ),, श्री अतीश चंद्र सरकार, मु य महाप्रबंधक (अनुरक्षण), श्री एस एस रॉय चौधरी और मु य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-एल एंड डी), श्री पी के साहू, भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक (संकार्य) और अन्य गणमान्यों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुणवत्ता मंडल की टीमों को स मानित किया। कार्यपालक निदेशक (संकार्य) ने अपने संबोधन में टीमों को उनकी उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए बधाई दी और आरएसपी में उत्पादकता और परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में नवाचार, रचनात्मकता और टीम वर्क के महत्व को रेखांकित किया। आरएसपी के मानव संसाधन को उद्योग में सर्वश्रेष्ठ में से एक बताते हुए, उन्होंने सामूहिक रूप से अपनी विशाल रचनात्मक क्षमता का खोज करने और नवाचार और उत्कृष्टता की दिशा में अधिक प्रभावी ढंग से योगदान करने का आग्रह किया। इनमें महाप्रबंधक प्रभारी (रोल शॉप), श्री समीर महापात्र, महाप्रबंधक (बीई, आईईडी और एचए), श्री आर के वर्मा, महाप्रबंधक (न्यू प्लेट मिल), श्री नीलमणि महापात्र, महाप्रबंधक (सीईडी), श्री एस आर पति, महाप्रबंधक (ऑक्सीजन प्लांट), श्री यू के भुजबल, उप महाप्रबंधक (तकनीकी सेल), श्री फ़राज़ अब्बासी और उप महाप्रबंधक (पाइप प्लांट), श्री एम पी वी नायडू, शामिल थे। महाप्रबंधक प्रभारी (आर एंड सी प्रयोगशाला) श्री आर एस शर्मा ने सभा का स्वागत किया। वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड सी प्रयोगशाला), सुश्री खुशबू मिश्रा ने समारोह का मंच्र सञ्चालन किया। महाप्रबंधक (आर एंड सी प्रयोगशाला), श्री आर किरण और कार्यक्रम समन्वयक ने प्रतियोगिता की संरचना और उद्देश्य पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम के अंत में औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित की।

## ओडिशा सरकार का बड़ा फैसला, अगली कक्षा में जाने के लिए पास होने जरूरी



भुवनेश्वर ३०/०८ (संवाददाता): राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए पास-फेल प्रणाली फिर से लागू कर दी है। अब स्टैंडर्ड पूरा न करने वाला बच्चा पास होने तक उसी कक्षा में पढ़ेगा। पहले की सरकारों में पास-फेल की व्यवस्था खत्म कर दी गई थी, लेकिन मौजूदा सरकार ने इसे दोबारा लागू किया है। जन शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने स्पष्ट किया कि यदि कोई बच्चा कक्षा में फेल होता है तो उसे कुछ दिनों के भीतर पुनः परीक्षा देनी होगी।

पास होने के बाद ही वह अगले वर्ग में जाएगा। मंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से बच्चों का वास्तविक स्तर पता चल सकेगा और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी।उन्होंने बताया कि पास-फेल प्रणाली खत्म होने के कारण यह समझना मुश्किल हो रहा था कि बच्चा वास्तव में कितना सीख पाया है। नई व्यवस्था से यह स्थिति बदल जाएगी।

साथ ही, मंत्री ने शिक्षकों से अपील की कि वे पढ़ाई-लिखाई में किसी तरह की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के प्रति आकर्षित हों और शिक्षा व्यवस्था पर लोगों का विश्वास और मजबूत हो।

## भुवनेश्वर एयरपोर्ट से 4 करोड़ की मारिजुआना बरामद, हिरासत में लिए गए प्रेमी युगल

भुवनेश्वर ३०/०८ (संवाददाता): भुवनेश्वर बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक बार फिर कस्टम विभाग ने बैंकॉक से आए एक प्रेमी युगल के पास से करीब 4 करोड़ रुपये की मारिजुआना बरामद की। गुप्त सूचना के आधार पर एयरपोर्ट पर जांच की गई थी। सूत्रों के अनुसार, युवक और युवती बैंकॉक से इंडिगो की लाइट से भुवनेश्वर पहुंचे थे। उनके सामान की तलाशी लेने पर बैग से मारिजुआना की बड़ी खेप मिली। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से इसी महीने 8 करोड़ रुपये का विदेशी गांजा पकड़ा गया था।

उस समय गुजरात के अहमदाबाद निवासी एक युवक को दबोचा गया था। उससे पहले 30 करोड़ रुपये की खेप एयरपोर्ट से बरामद हुई थी। पिछले महीने 30 तारीख को भी भुवनेश्वर एयरपोर्ट से 30 किलो मारिजुआना पकड़ा गया था, जिसमें उत्तर प्रदेश के तीन युवकों को गिर तार किया गया था। लगातार हो रही बरामदगियों से साफ हो गया है कि भुवनेश्वर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नशे का हब बनाने की साजिश रची जा रही है। कस्टम विभाग और गुप्तचर एजेंसियां इस पूरे रैकेट की गहन जांच में जुटी हुई हैं।

## ओडिशा में महिला ने एसपी कार्यालय में आत्मदाह का किया प्रयास, दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

भुवनेश्वर ३०/०८ (संवाददाता): ओडिशा में एक महिला ने ढेंकनाल के पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया। उसने आरोप लगाया कि उसकी शिकायत नहीं सुनी गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अपने पति के चचेरे भाई पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उसने ओडिशा के ढेंकनाल जिले के टाउन पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया था।

लेकिन पुलिस ने कथित तौर पर उसे अधिकार क्षेत्र का हवाला देते हुए सदर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि जब उसने ढेंकनाल सदर पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया, तो वहां के अधिकारियों ने कथित तौर पर महिला को टाउन पुलिस स्टेशन जाने के लिए कहा और अधिकार क्षेत्र का भी हवाला दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले से निराश होकर उसने शनिवार को एसपी कार्यालय परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया।

वहां मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत दौड़े और महिला को बचा लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला के पास से पेट्रोल से भरी एक बोतल और एक माचिस जब्त की गई। बाद में, उसने ढेंकनाल के पुलिस अधीक्षक अभिनव सोनकर से इस मामले पर चर्चा की और उसे उसकी शिकायत पर कार्रवाई का आश्वासन मिला। एसपी सोनकर ने बताया कि मैंने महिला से इस मामले पर चर्चा की है और उसकी शिकायत पर उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।उन्होंने बताया कि महिला ने अपने एक रिश्तेदार पर आरोप लगाया है और मामले की जांच की जा रही है। दोनों थानों के दो सब-इंस्पेक्टर, जो डायरी चार्ज ऑफिसर (डीसीओ) के रूप में कार्यरत थे, उनको ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि निलंबित पुलिस अधिकारी टाउन थाने के उत्कल बिजय मोहंती और सदर थाने की रोजलिन मिंज हैं।

## भारतीय और ओडिशा पत्रकारिता पुरस्कार 2025 से समानित किए जाएंगे 6 पत्रकार



ओडिशा/नई दिल्ली ३०/०८ (संवाददाता): साहित्य, संस्कृति और पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत दिल्ली स्थित प्राचीन संस्था पल्लीबानी मिशन द्वारा इस वर्ष के भारतीय पत्रकारिता पुरस्कारों के लिए देश के तीन प्रतिष्ठित और प्रतिभाशाली पत्रकारों को नामित किया गया है।यह प्रतिष्ठित समान आजतक के कार्यकारी संपादक संजीव पालीवाल, हिंदुस्तान (हिंदी) समाचार पत्र के प्रबंध संपादक प्रताप सोमवंशी और द लल्लनटॉप के संस्थापक संपादक सौरभ द्विवेदी को प्रदान किया जाएगा।इसी प्रकार, ओडिशा पत्रकारिता पुरस्कारों के आठवें संस्करण से आर्गस न्यूज के डिजिटल संपादक संग्राम केशरी सदांगी, द हिंदू के विशेष संवाददाता सत्य सुंदर बारिक और संबलपुर के जिला संवाददाता रत्नाकर भोई को स मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह 6 सितंबर को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मु य अतिथि, पतंजलि आयुर्वेद और योग पीठ के संस्थापक स्वामी रामदेव विशिष्ट अतिथि और द न्यू इंडियन एक्सप्रेस की समूह संपादक सांत्वना भट्टाचार्य मु य वक्ता होंगी। पल्लीबानी मिशन के अध्यक्ष रामचंद्र नाथ ने मीडिया को यह जानकारी दी।

## आरएसपी में मास्टर प्रशिक्षकों के लिए राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद जन सेवा कार्यक्रम का आयोजन




राउरकेला ३०/०८ (संवाददाता): राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) में 26 से 28 अगस्त, 2025 तक मास्टर प्रशिक्षकों के लिए राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद जन सेवा कार्यक्रम की तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन), श्री अनिल कुमार ने की। मंच पर मु य महाप्रबंधक (मानव संसाधन -ज्ञानार्जन एवं बिकास), श्री पी.के. साहू भी उपस्थित थे। वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभागियों से बातचीत की और उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मास्टर प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित किया गया, जो इस पहल के तहत संबंधित क्षेत्रों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री कुमार ने एक उत्तरदायी, कुशल और नागरिक-केंद्रित कार्यबल के निर्माण में राष्ट्रीय कर्मयोगी पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नव प्रशिक्षित मास्टर प्रशिक्षकों से निरंतर सीखने, टीम वर्क और सेवा वितरण उत्कृष्टता की भावना को आत्मसात करके परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने का आग्रह किया। इससे पहले, श्री साहू ने कार्यशाला के प्रमुख उद्देश्यों को रेखांकित किया और प्रतिभागियों को प्रतिबद्धता और उत्साह के साथ सीखी गई बातों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने दोहराया कि इस बड़े पैमाने की पहल की सफलता प्रशिक्षण को जमीनी स्तर तक पहुँचाने में मास्टर प्रशिक्षकों की सक्रिय भूमिका पर निर्भर करती है। महाप्रबंधक (सीएचआरडी), एमटीआई श्री जे एन हे ब्रम, और उप महाप्रबंधक (केआईओएम), श्री आर बिस्वास इस कार्यक्रम के संकाय सदस्य थे। यह उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में पेडगॉग ऐप का उपयोग करके इंटरैक्टिव शिक्षण विधियों को अपनाया गया जो कर्मचारियों के कार्य के संदर्भ के साथ निकटता से जुड़ी हुई हैं। सत्रों में परिस्थितिजन्य अ यास शामिल थे जहाँ प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से अपने कामकाज को बेहतर बनाने और कर्मयोगी कार्य पद्धति को अपनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। एक विस्तृत टीम डिज़ाइन अ यास भी आयोजित किया गया, जिससे प्रतिभागियों को अपनी वर्तमान भूमिकाओं पर विचार करने, अपने अनुभागों में अपने योगदान का आकलन करने और यह समझने में मदद मिली कि उनके प्रयास संगठनात्मक उद्देश्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास के व्यापक लक्ष्यों के साथ कैसे संरेखित हैं। मास्टर प्रशिक्षक अंतिम प्रतिभागियों के रूप में आरएसपी और ओजीओएम के शेष कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करेंगे।


**MCL** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

जागृति विहार, बुर्ला - 768 020, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा

दूरभाष (ईपीएबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

सूचना

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/संबंधित सहायक कंपनी (एमसीएल, **www.mahanadicoal.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध है।

R-5268